Point No.	Items	Amount (Rs. crores)
3.	Better use of Irrigation water . .	300.00
f.	Land Reforms	1.20
7.	Safe Drinking Water & Sanitation (MNP)	30.00
8.	Health for All (MNP).....	15.15
9.	Two child Norm-Nutrition (MNP)	4.47
10.	Education..... ,•	95.62
14.	Housing for People (MNP).....	62.97
		6.00
		16.11
17.	Protection of Environment	t.40
18.	Concern for Consumer	8.10
19.	Energy for Villages	0.20
	TOTAL:	770.93

Defence sector orders for BEL

721. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state;

(a) whether BEL is not receiving enough orders, especially from the defence sector;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps taken to fully utilise the capacity at BEL?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF DEFENCE PRODUCTION AND SUPPLIES IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI): (a) and (b) The overall difficult balance of payment position and the resource crunch has had its effect on BEL's order book position.

(c) The capacity utilisation at BEL is estimated at 99 per cent in 1988-89. To ensure continued capacity utilisation the Company has been advised to gear itself for exports.

महाराष्ट्र में परिवार नियोजन के लिए केन्द्रीय आवंटन

722. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में परिवार कल्याण योजनाओं के लिए किए गए केन्द्रीय आवंटनों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) किन-किन विभिन्न शीर्षों के लिए ऐसी धनराशि आवंटित की गई थी ;

(ग) उपर्युक्त अवधि के दौरान प्रति-वर्ष कितनी धनराशि का उपयोग किया गया और क्या-क्या लक्ष्य प्राप्त किए गए ;

(घ) क्या राज्य सरकार ने 1988 और 1989 के लिए आवंटन की राशि में वृद्धि करने का आग्रह किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो कितनी राशि की मांग की गयी और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है **(नीचे देखिए)** ।

(ख) राज्य सरकार को निम्नलिखित मदों के अंतर्गत धनराशि उपलब्ध की गई थी :—

(1) निदेशन तथा प्रशासन

(2) ग्रामीण परिवार कल्याण सेवाएं

(3) शहरी परिवार कल्याण सेवाएं

(4) बच्चा-बच्चा स्वास्थ्य

(5) परिवहन

(6) मुआवजा

(7) जन शिक्षा और प्रचार

(8) प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा आंकड़ा

(9) ग्राम स्वास्थ्य गाइड योजना

(10) क्षेत्र परियोजना

(11) अन्य सेवाएं तथा सामग्री (जिसमें प्रश्नोत्तर कार्यक्रम, पुरस्कार तथा सामग्री आदि शामिल हैं) ।

(ग) धनराशि के उपयोग तथा प्राप्त लक्ष्यों का ब्यौरा क्रमशः विवरण **(नीचे देखिए)** और उपाबंध में दिया गया है। **[देखिये परिशिष्ट 150, अनुपत्र सं० 33)**

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

महाराष्ट्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिए धनराशि के आवंटन तथा व्यय का ब्यौरा

(लाख रुपए)

वर्ष	आवंटन	राज्य सरकार द्वारा किया गया खर्च (अनन्तिम)
1986–87	3711.27	4701.75
1987–88	4212.81	4986.00
(1988–89)	3989.81	**

**अभी सूचना उपलब्ध नहीं है क्योंकि साधारणतया राज्यों में खर्च संबंधी आंकड़े वित्तीय वर्ष समाप्त होने के एक महीने के बाद प्राप्त होते हैं ।

भारत और ब्रिटेन द्वारा कैंसर के संबंध में संयुक्त अनुसंधान

723. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में कैंसर के इलाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए भारत और ब्रिटेन द्वारा कैंसर पर अनुसंधान संयुक्त रूप से किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो देश में कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन द्वारा दिए गए सहयोग के संबंध में ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे): (क) संयुक्त चिकित्सा अनुसंधान के प्रयोजन के लिए भारत और